मैं तो संग जाऊं बनवास

मैं तो संग जाऊं बनवास,
स्वामी ना करना निराश,
पग पग संग जाऊं जाऊं बनवास,
हे मैं तो संग जाऊं बनवास,

उपर है अग्नि की छतरी नीचे तपती बाली,
पाँव में पड़ेंगें छाले ना जाओ बनवास ,
हे मैं तो संग जाऊं बनवास,
मैं तो संग जाऊं बनवास,

तुम हो सूर्यवंशी स्वामी रखो अपनी छाया,
छाव में चलूँ तुम्हारी तुम ही मेरी माया ,
मैं तो संग जाऊं बनवास,
मैं तो संग जाऊं बनवास,

जंगल बन मे घूमे हाथी भालू शेर और हिरना,
नारी हो तुम डर जाओगी,
ना जाओ बनवास ,
हे मैं तो संग जाऊं बनवास,
मैं तो संग जाऊं बनवास ,

तुम तो योद्धावीर हो स्वामी तुम ही रक्षा करना,
बाण तुम्हारे काँधे सोहे संग हो तो क्या डरना,
मैं तो संग जाऊं बनवास,
स्वामी ना करना निराश,
पग पग संग जाऊं जाऊं बनवास,
हे मैं तो संग जाऊं बनवास ,
मैं तो संग जाऊं बनवास,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9031/title/main-to-sang-jaau-vanvaas

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |